राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत शिविर का आयोजन

रतिया/कृष्ण मोंगा। राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय रतिया में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाई ने प्रथम एक दिवसीय शिविर का आयोजन गत दिवस किया। जन सम्पर्क अधिकारी ने सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत स्वच्छता अभियान और देशभक्ति विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। शिविर की अध्यक्षता व शुभारंभ प्राचार्य डॉ रवीन्द्र पुरी ने की उन्होनें अपने संबोधन में छात्राओं को आपसी सहयोग का गुण विकसित करने के लिए प्रेरित करते हुए छात्राओं को पर्यावरण को कैसे सुरक्षित रखना है इससे संबंधित पराली जलाने की समस्या पर चर्चा करते हुए कहा कि छात्राओं को समाज को जागरूक करना चाहिए कि पराली का धुंआ किस प्रकार से हमारे वातावरण व स्वास्थ्य पर प्रभाव डालता है। डॉ सीमा ने पराली के सुव्यवस्थित ढंग से समाधान के बारें स्वंयसेविकाओं को बताया। राष्ट्रीय सेवा योजना प्रथम इकाई प्रभारी प्रो सीमा सिरोही ने एनएसएस की नवी स्वंयसेविकाओं का परिचय देते हुए कार्यप्रणाली से अवगत कराते हुए। राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य और महत्व बताया। द्वितीय इकाई प्रभारी प्रियंका मेहरा ने एनएसएस के आने वाले समय में होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा से अवगत करवाया और हरियाणा वीर एवं शहीद दिवस के बारे में बताया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के सदस्य डॉ बलकार, डॉ सैन कुमार, प्रो बिन्दु और दोनों इकाई की स्वंयसेविकाएँ उपस्थित रही।